STEPPING STONE
SCHOOL (HIGH)

Class - V

Worksheet no.-20

Subject- 2nd language (Hindi). **Date-15/06/20**

Topic - Grammar. **Time limit -30 minutes**

दिए गए पाठ 'क्रिया विशेषण'को ध्यानपूर्वक पढ़िए और अच्छे से समझने का प्रयास कीजिए।

11. क्रिया-विशेषण

रोहन दिनभर खेलता रहता है। खरगोश तेज़ दौड़ता है।

ऊपर वाक्यों में रंगीन शब्द सदा एक जैसे रहते हैं। इन्हें 'अविकारी शब्द' कहते हैं।

क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द 'क्रिया-विशेषण' कहलाते हैं।

जैसे-

1. रोहन सुंदर चित्र बनाता है।
2. सौरव वहाँ रहता है।
3. सुनीता प्रतिदिन पढ़ती है।

इन वाक्यों में 'सुंदर', 'वहाँ' और 'प्रतिदिन' शब्द क्रिया की विशेषता बता रहे हैं अतः ये शब्द क्रिया-विशेषण हैं।

अर्थानुसार क्रिया-विशेषण के निम्नलिखित चार भेद हैं-

1. कालवाचक क्रिया-विशेषण।
2. स्थानवाचक क्रिया-विशेषण।
3. परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण।
4. रीतिवाचक क्रिया-विशेषण।

1. **कालवाचक क्रिया-विशेषण**- जिस क्रिया-विशेषण शब्द से कार्य के होने का समय ज्ञात हो, वह 'कालवाचक क्रिया-विशेषण' कहलाता है। इसमें बहुधा ये शब्द प्रयोग में आते हैं- यदा, कदा, जब, तब, हमेशा, तभी, तत्काल, निरंतर, शीघ्र, पूर्व, बाद, पीछे, घड़ी-घड़ी, अब, तत्पश्चात, तदनंतर, कल, कई बार, अभी, फिर, कभी आदि।

2. **स्थानवाचक क्रिया-विशेषण**- जिस क्रिया-विशेषण शब्द द्वारा क्रिया के होने के स्थान का बोध हो, वह 'स्थानवाचक क्रिया-विशेषण' कहलाता है। इसमें बहुधा ये शब्द प्रयोग में आते हैं- भीतर, बाहर, अंदर, यहाँ, वहाँ, किधर, उधर, इधर, कहाँ, जहाँ, पास, दूर, अन्यत्र, इस ओर, उस ओर, दाएँ, बाएँ, ऊपर, नीचे आदि।

3. **परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण**- जो शब्द क्रिया का परिमाण बताते हैं, वे 'परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण' कहलाते हैं। इसमें बहुधा थोड़ा-थोड़ा, अत्यंत, अधिक, अल्प, बहुत, कुछ, पर्याप्त, प्रभूत, कम, न्यून, बूँद-बूँद, स्वल्प, केवल, प्राय: अनुमानतः, सर्वथा आदि शब्द प्रयोग में आते हैं।

4. **रीतिवाचक क्रिया-विशेषण**- जिन शब्दों के द्वारा क्रिया के संपन्न होने की रीति का बोध होता है, वे 'रीतिवाचक क्रिया-विशेषण' कहलाते हैं। इनमें बहुधा ये शब्द प्रयोग में आते हैं- अचानक, सहसा, एकाएक, झटपट, आप ही, ध्यानपूर्वक, धड़ाधड़, यथा, तथा, ठीक, सचमुच, अवश्य, वास्तव में, निस्संदेह, बेशक, शायद, संभव हैं, कदाचित, बहुत करके, हाँ, ठीक, सच, जी, ज़रूर, अतएव, किसलिए, क्योंकि, नहीं, न, मत, कभी नहीं, कदापि नहीं आदि।



संकेत

कुछ शब्दों का प्रयोग परिमाणवाचक विशेषण और रीतिवाचक क्रिया-विशेषण दोनों में समान रूप से किया जाता है। जैसे- थोड़ा, कम, कुछ, काफी आदि।